

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद


MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17


# यशोन्नति


दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें
https://dainikyashonnati.com




वर्ष 8+15 अंक 08 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 27 अप्रैल 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
ÂD-4 मंडला समाचार .....




## आद्य शंकराचार्य जयंती: नगर का गौरव दिवस



# सभी हिन्दुओं को मिलकर धर्म की रक्षा करना चाहिये - सदानंद जी महाराज



सिवनी यशो:- धर्म का पालन किये बिना सुख की प्राप्ति नहीं होती । संस्कृति की रक्षा संस्कारों से होती है हमारी संस्कृति को पाखंड बताने का षडयंत्र जब होने लगा तब आदि शंकराचार्य ने पूरे देश का भ्रमण कर भारतीय संस्कृति और धर्म के रक्षार्थ अनेक ग्रांथो की रचना की और चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की उसी समय से शंकराचार्य परंपरा प्रारंभ हुई । इस शंकराचार्य परंपरा का निर्वाहन करते हुये चारों मठों में बने शंकराचार्यो ने देश में भ्रमण कर धर्म के स्वरूप को बताया और प्रचार किया । इस आशय की बात पूज्य जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज ने सिवनी नगर पालिका परिषद द्वारा मठ मंदिर में आदि शंकराचार्य जयंती के अवसर पर आयोजित नगर गौरव दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित नगरीय जनमानस को संबोधित करते हुये कही ।

शंकराचार्य जी ने कहा कि सिवनी के लिये गौरव की बात है कि आदि शंकराचार्य जी ने सिवनी नगर के मठ मंदिर में शिवलिंग की स्थापना की तथा सिवनी जिले अवतरित शंकराचार्य परंपरा के तहत ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज ने धर्म का प्रचार प्रसार करते हुये धर्म का प्रभाव बढाने वाले उल्लेखनीय कार्य किये । पूज्य शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज ने कहा कि ईश्वर के दर्शन साधारण आँखों से नहीं की जा सकती इसके लिये योग्य गुरू और शास्त्र की आवश्यकता होती है बिना योग्य गुरू के परमात्मा की प्राप्ति संभव नहीं है योग्य गुरू ही हमे परम तत्व का बोध करता है इसके लिये सत्संग भी आवश्यक होता है । स्वामी जी ने अपने संबोधन में कहा कि कुछ चीजे होती है जो हमारे नियंत्रण में नहीं होती है परंतु जिन पर हमारा नियंत्रण होता है वह हमें करना चाहिये । मनुष्य होकर हमें मनुष्यता का ज्ञान नहीं होत इसे जानने के लिये योग्य गुरू के पास हमें जाना चाहिये गुरू की शरण में जाने से योग्य गुरू की शरण में जाने से हमारे सारे दुःखों का निवारण होता है और सु । एवं शांति की प्राप्ति होती है । उन्होंने कहा कि मनुष्य होने का फल जानलेना ही मनुष्य की योग्यता है ।

स्वामी सदानंद जी महाराज ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिये शास्त्र जिनका वर्णन करते है उन नदियों की पर्यावरण की रक्षा करना चाहिये यह हमारी संस्कृति के पोषक तत्व होते है अतः संस्कृति और संस्कारों की रक्षा के लिये हमेशा सार्थक प्रयास करना चाहिये और यही हमारा धर्म है । हमारा देश धर्म प्रधान देश है हमारे धार्मिक विधानों के साथ विज्ञान जुड़ा है धर्म श्रद्धा पर आधारित है । उन्होंने प्रत्येक हिन्दु को अपनी धार्मिक आस्थाओं के प्रति एकता के साथ खड़े रहने का संदेश दिया तथा कहा कि समस्त हिन्दुओं को मिलकर अपना धर्म बचाना चाहिये और सभी भारतीयों को मिलकर अपना देश बचााना चाहिये ।

नगर गौरव दिवस पर आद्य शंकराचार्य की मठ मंदिर में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । पूज्य शंकराचार्य जी का सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजकुमार खुराना, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व विधायक रजनीश सिंह ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लल्लूसिंह बघेल, संजय भारद्वाज, ज्ञानचंद सनोडिया, राजू यादव, राजा बघेल संतोष पंजवानी आदि ने पादुका पूजन किया।

कार्यक्रम के दौरान जिला कले टर क्षितिज सिंघल, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजकुमार खुराना, पूर्व विधायक रजनीश ठाकुर, नपा अध्यक्ष सफीक खान ने सिवनी नगर गौरव दिवस के अवसर पर सिवनी नगर में अनेक सौंदर्यीकरण के कार्यो को करने एवं मिलकर कार्य करने की बात कही । नपा अध्यक्ष ने कहा कि शीघ्र ही पूज्य ब्र हलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज की मंशा के अनुरूप छिंदवाड़ा चौक में शंकराचार्य स्तंभ का निर्माण किया जायेगा एवं नगर में शंकराचार्य पार्क का निर्माण भी किया जायेगा । इस अवसर पर तेज बारिश के बावजूद भी बड़ी सं या में आमजन एवं परिषद के पार्षद और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## उर्वरक का अवैध परिवहन पर दो लाख सत्तर हजार जुर्माना

सिवनी यशो:- अनुविभागीय अधिकारी कृषि सिवनी प्रफुल्ल घोडेसवार पदेन उर्वरक निरीक्षक, सहायक संचालक कृषि सिवनी पवन कुमार कौरव पदेन उर्वरक निरीक्षक एवं दल द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भैरोगंज सिवनी से मुंगवानी रोड ओवर ब्रिज के नीचे ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी ZV|} में 200 बैंग डी.ए.पी उर्वरक आई.पी.एल क पनी की ट्रक पर भरी हुई पाई गयी थी। जांच के दौरान निरीक्षण दल को ट्रक ड्रायवर अजहर शेख पिता अनवर शेख निवासी ग्राम बोनकट्टा तहसील तिरोडी जिला बालाघाट एवं ट्रक ड्रायवर के साथ उपस्थित गुलाबचंद कोल्हे पिता नीलकण्ठ कोल्हे, 191/2 खजरी, गोडीटोला खजरी, वार्ड क्र. 14 तहसील कटंगी जिला बालाघाट से पूछताछ की गई एवं उर्वरक परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगे गये। संबंधितों द्वारा किसी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये एवं ट्रक पर लदे हुये उर्वरक को देखने पर प्रथम दृष्टया नकली प्रतीत हुआ।

**बालाघाट जिले की थी खाद दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये गये**

इस कारण ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी ZV|} को जप्त कर थाना कोतवाली सिवनी जिला-सिवनी में एफ.आई.आर. दर्ज कराकर थाना कोतवाली सिवनी, जिला-सिवनी की सुपुर्दगी में दे दिया गया था।

आदेश क्र/2229/ सिवनी दिनांक 25/04/2023 द्वारा अनावेदक को जुर्माना राशि 270000/- (दो लाख सत्तर हजार रूपये मात्र) का भुगतान शासन पक्ष में जमा करने हेतु आदेशित किया गया था। अनावेदक द्वारा दिनांक 25/04/2023 को जुर्माना राशि शासन के पक्ष में जमा कर दी गई है। जिससे शासन को राशि 270000/- का राजस्व प्राप्त हुआ।

## मुख्यमंत्री कल कृषकों को सिंगल िलक के माध्यम से राहत राशि का वितरण करेंगे

सिवनी यशो :- मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार



28 अप्रैल को दोपहर 3 बजे असामयिक वर्षा/ ओलावृष्टि से फसल क्षति प्रभावित कृषकों को सिंगल िलक के माध्यम से राहत राशि का वितरण कर हितग्राहियों से चर्चा करेंगे। जिले में उक्त कार्यक्रम का आयोजन लाईव प्रसारण को लेकर कले टर क्षितिज सिंघल ने तहसीलदार केवलारी, घंसौर एवं लखनादौन को प्रभावित ग्रामों में लाईव प्रसारण सुनिश्चित करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

## ×éØ×´ãèलाड़ली बहना के लिये वंदना ने अपने भाई मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद



सिवनी यशो:- प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश की गरीब महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से "मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना" संचालित की जा रही है। योजना अंतर्गत 23 से 60 वर्ष की विवाहित महिलाओं को प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिमाह 1 हजार रूपये सालाना 12 हजार रूपये देने का प्रावधान किया गया है।

जिले में पात्र महिलाओं के आवेदन ऑनलाईन दर्ज करने की कार्यवाही कैंपों के माध्यम से सतत जारी है। इन कैंपों में महिलाएं उपस्थित होकर सुगमता से अपना आवेदन पोर्टल में दर्ज करा रही हैं। आवेदन कराने आई महिलाएं प्रदेश शासन की इस अभिनव योजना से अत्यंत प्रसन्न हैं तथा वह अपने भैया मु यमंत्री श्री चौहान का धन्यवाद ज्ञापित करते नहीं थक रही हैं।

ऐसी ही शास्त्री वार्ड निवासी श्रीमती वंदना वाघमारे ने बुधवार 26 अप्रैल को कैंप में उपस्थित होकर वालेंटियर्स के सहयोग से अपना आवेदन ऑनलाईन कराया। इस अवसर पर श्रीमती वंदना ने बताया कि मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना क क्रियांवयन से वह अत्यंत प्रसन्न हैं, वह कहती है कि योजना अंतर्गत 1 हजार रूपये प्रतिमाह मिल जाने से उनके जरूरी खर्चे पूरे होने के साथ साथ अतिरिक्त बचत भी हो सकेगी। वह इस अभिनव योजना के लिए मु यमंत्री श्री चौहान तथा प्रदेश शासन का आभार व्यक्त करती हैं।

## मौसम का बिगड़ा मिजाज: किसान की चिंता बढ़ी

सिवनी यशो:- ऊपर वाला कलेंडर भूल गया, जाड़े के बाद सीधे वर्षा ऋतु आ गयी इस प्रकार की बाते आम आदमी कहा रहा है यह बाते इसलिये कही जा रही है कि आये दिन तेज बारिश हो रही है मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है अप्रैल माह से तेज गर्मी शुरू हो जाती थी किसान अपने खेतों की कटाई को अंतिम रूप देते है परंतु इस बार ऐसा नहीं है। हर दिन भले ही दिन में तेज धूप दिखाई दे परंतु शाम के समय बादलों का डेरा आसमान में आजाता है और अंधाधुध बारिश होने लगती है । इस बिगड़े हुये मौसम से किसानों सहित आम आदमी में बेचैनी का माहौल बना हुआ है । यही हाल मंगलवार का रहा सुबह तेज धूप निकली और शाम के समय जिले के अनेक हिस्सों में दोपहर 3:00 बजे से बारिश होना प्रारंभ होगयी । घंसौर क्षेत्र में दोपहर में तो



कान्हीवाड़ा पलारी छुई बंडोल में शाम 4:00 बजे से तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी और फिर जिला मु यालय से जिले के अधिकांश हिस्सों में रात्रि 10 बजे तक झमझमा बारिश का दौर प्रारंभ हो गया ।

तेज बारिश से किसानों के चेहरो पर मायुसी स्पष्ट दिखाई दे रही है अनेक किसानों की फसले अभी खेतों में ही खड़ी है सामान्यतः इस मौसम में इस प्रकार की बारिश की सभावनाएँ नहीं होती परंतु प्रकृति पर किसी का कोई नियंत्रण नहीं है । फसलों की बर्बादी के साथ ही इस मौसम में विवाह जैसे मांगलिक कार्यो में भी बुरा असर पड़ रहा है ग्रीष्मकालीन व्यापार व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है । मौसम के बिगड़े मिजाज से बीमारियों की संभावनाएँ भी बढ़ रही है । वहीं किसान इस बात को लेकर भी चिंतित है कि इस प्रकार की बारिश से जहाँ रबि की पकी पकायी फसल बर्बाद हो रही है वहीं आगामी समय में खरीफ की फसल भी बिगड़ सकती है ।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में यह बदलाव आया है जो एक दो दिन और परेशान करेगा । मौसम के बिगड़े इस रूख ने अनेक पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों को भी बुरी तरह प्रभावित किया है ।

## नव मतदाता युवा चौपाल का आयोजन संपन्न



सिवनी यशो:- बुधवार को नव मतदाता युवा चौपाल के तहत सिवनी नगर के टैगोर वार्ड में युवा चौपाल संपन्न हुई जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिले के उपाध्यक्ष नगर मंडल के प्रभारी राजा बघेल, भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिले के सोशल मीडिया प्रभारी खुशेंद्र पवार, नगर के महामंत्री शुभम राजपूत नगर मंत्री रोहित साहू जी अभिषेक बघेल अभिजीत करोसिया व सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्युत कर्मियों को किया गया सुरक्षा टूल किट का वितरण

सिवनी यशो:- मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अंतर्गत सिवनी शहर के लाइन कर्मचारियों को कार्य के दौरान सुरक्षा प्रदान करने के लिए सुरक्षा उपकरण (टूल किट) प्रदान किए गए। बुधवार 26 अप्रैल को सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन के हस्ते लाईन कर्मचारियों को टूल किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.सिवनी के अधीक्षण अभियंता श्री पी के मिश्रा, कार्यपालन अभियंता श्री मोतीलाल साहू एवं सहायक अभियंता श्री वरुण सारस्वत उपस्थित रहे। सांसद डॉ बिसेन ने लाइन कर्मचारियों को दी जा रहे टूल किट बैग में मौजूद सामग्री का निरीक्षण किया तथा लाइन कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य करने बात कही गई।

# रीवा-इतवारी ट्रेन की नियमित सेवाएं शुरू

जबलपुर यशो:- रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए दिनाँक 27 अप्रैल 2023 से रीवा स्टेशन से गाड़ी सं या 11756 रीवा-इतवारी (वाया जबलपुर, नैनपुर, छिंदवाड़ा) साप्ताह में चार दिन मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार एवं रविवार को और दिनाँक 26 अप्रैल 2023 से इतवारी स्टेशन से गाड़ी सं या 11755 इतवारी-रीवा (वाया छिंदवाड़ा, नैनपुर, जबलपुर) साप्ताह में चार दिन बुधवार, शुक्रवार, शनिवार एवं सोमवार को नई ट्रेन की नियमित सेवा की प्रार भ हो रही है।

मु य जनसंपर्क अधिकारी- पश्चिम मध्य-रेल, जबलपुर (मध्यप्रदेश) के हवाले से बताया गया है कि गाड़ी सं या 11756 रीवा से इतवारी अपने प्रारंभिक स्टेशन रीवा से 17:20 बजे प्रस्थान कर सतना 18:10 बजे, मैहर 18:43 बजे, कटनी 19:5 बजे, जबलपुर 21:30 बजे पहुँचकर अगले दिन नैनपुर 02:05 बजे, सिवनी 03:39 बजे, चौरई 04:12 बजे, छिंदवाड़ा 05:15 बजे, सौसर 06:50 बजे, सावनेर 07:22 बजे और 08:40 बजे इतवारी स्टेशन पहुँचेंगी।





इसी प्रकार गाड़ी सं या 11755 इतवारी से रीवा अपने प्रारंभिक स्टेशन इतवारी से 17:30 बजे प्रस्थान कर सावनेर 18:01 बजे, सौसर 18:33 बजे, छिंदवाड़ा 20:30 बजे, चौरई 21:32 बजे, सिवनी 22:02 बजे, नैनपुर 23:31 बजे पहुँचकर अगले दिन जबलपुर 03:55 बजे, कटनी 05:20 बजे, मैहर 06:13 बजे, सतना 07:05 बजे और 08:20 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेंगी।

इस गाड़ी में क्रमशः 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 13 शयनयान श्रेणी, 03 सामान्य श्रेणी, 02 एसएलआरडी सहित कुल 24 कोच रहेंगे।

यात्रीगण कृपया यात्रा के दौरान सरकार द्वारा पारित की गयी कोविड-19 गाइडलाईन से संबंधित सभी दिशा-निर्देशो का कृपया पूरी तरह पालन करें ।

इसके साथ ही आगामी एक दो दिन में सिवनी तक पातालकोट एवं पेंच व्हेली ट्रेने भी आना प्रारंभ हो जायेगी जो सीधे दिल्ली एवं भोपाल के यात्रियों के लिये बड़ी सुविधा प्रदान करने वाली होगी ।

## कलेक्टर पहुँचे उपार्जन केन्द्रों पर

सिवनी यशो:- कले टर क्षितिज सिंघल ने बुधवार 26 अप्रैल को उड़ेपानी भोमा, कान्हीवाड़ा, धनौरा सहित अन्य उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केन्द्र प्रभारियों से अब तक उपार्जित गेहूं तथा पंजीकृत किसानों के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा? निर्देश दिए। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में उपार्जित गेहूं के रखरखाव, परिवहन की स्थिति का अवलोकन कर अधिकारियों को सभी उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक बारिश की स भावनाओं को देखते हुए सभी जरूरी इंतजाम रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उपार्जित गेहूं को तत्काल परिवहन कर भण्डार गृहों में सुरक्षित भण्डारित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला आपूर्ति अधिकारी श्री शैलेष शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।



# उपेक्षित मंडलावासी मुख्यमंत्री से उ मीदे लगा कर बैठे है

## मुख्यमंत्री आज मंडला के प्रवास पर

### लाड़ली बहना महास मेलन में होंगे शामिल, मु यमंत्री भू-अधिकार आवासीय पट्टों का करेंगे वितरण



मण्डला यशोः- मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 27 अप्रैल 2023 को मंडला जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री चौहान दोपहर लगभग् 12 बजे निवास (जेवरा) हेलीपेड ग्राऊँड में पहुंचेंगे। इसके पश्चात निवास (देवरीकला) में आयोजित मु यमंत्री लाड़ली बहना महास मेलन तथा मु यमंत्री भू-अधिकार आवासीय पट्टों के वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री चौहान कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात जनप्रतिनिधियों, सीएम जनसेवा मित्र, पेसा मोबेलाईजर्स एवं जन अभियान परिषद के सदस्यों से संवाद करेंगे। इसके पश्चात खटिया (बिछिया) के लिए प्रस्थान करेंगे।

**विकास कार्यों का होगा लोकार्पण एवं शिलान्यास**

27 अप्रैल 2023 को मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंडला जिले के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। श्री चौहान अलग-अलग विभागों के माध्यम से लगभग 215.74 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इसी प्रकार लगभग 8.39 करोड़ रूपए के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इस प्रकार कुल 224.13 करोड़ रूपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण होगा।

हितलाभों का होगा वितरण

मु यमंत्री लाड़ली बहना महास मेलन तथा मु यमंत्री भू-अधिकार आवासीय पट्टों के वितरण कार्यक्रम में मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को हितलाभ वितरण करेंगे। श्री चौहान लाड़ली लक्ष्मी योजना, आजीविका मिशन, मु यमंत्री उद्यमक्रांति योजना, मु यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना सहित अलग-अलग योजनाओं के हितग्राहियों को मंच से हितलाभ प्रदान करेंगे।

मंडला ब्युरो

मंडला यशोः- मु यमंत्री का 27 तारीख को मण्डला आगमन हो रहा है, आमजन की मांगो के विषय पर बहुत उ मीदें हैं, पहले के घोषित वादे जो अब तक तो शुरू नहीं हुए और वादों पर वादे हो रहे हैं,चाहे 2008 के निवास जिला बनाने के वादे से संबंधित हो या मेडिकल कॉलेज, मण्डला जबलपुर रोड़, आवास हेतु फ्री रेत,2016 में बसनिया बांध निरस्त की बात परंतु मंडल की जनता अभी उ मीद के सहारे है ।

आमजनों की मांग है कि मण्डला के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की कमी, सौभाग्य योजना के घोटाले ने मण्डला की पूरी बिजली व्यवस्था को चौपट कर दिया, बदले में बिजली की उपलब्धता की मांग है,लि ट सिंचाई परियोजना जो अपार जल संसाधनों बरगी भराव और नर्मदा और सहायक नदियों से लि ट सिंचाई योजना है । जिले का बड़ा वर्ग मानता है कि चुटका परमाणु परियोजना और बसनिया बांध को निरस्त किया जाये इस योजना से बड़े स्तर पर विस्थापन पलायन और प्रचुर मात्रा में जैवविविधता युक्त जंगल डूबेगा जो नीतिगत नहीं ना है आदिवासियों की जमीन पर बांध से विस्थापन की जो स्थिती निर्मित होगी वह अन्याय होगा ।

आदिवासी क्षेत्र में गैरकानूनी तरीके से रेत का खनन हो रहा है रेत खदानें अभी चालू नहीं हुई लेकिन सेकड़ो गाड़िया रोज थानों के माध्यम से निकल रही है माइनिंग स्टाफ की कमी की बातें और पुलिस विभाग के असहयोग की बातें कही जाती है वहीं राजनैतिक संरक्षण में अवैध उत्खनन का कारोबार चल रहा है मु यमंत्री जी से इस पर अंकुश लगाने की मांग की जायेगी ।

जिले के जनमानस की बहुप्रतिक्षित मांग मेडिकल कॉलेज और जबलपुर मण्डला रोड़ का कार्य आज तक शुरू नहीं हुआ है इस कार्य को गति प्रदान की जाये साथ ही नारायांगज बीजाडांडी मोहगांव कॉलेज की वर्षो की मांग आज भी अधूरी है इस आदिवासी अंचल की झोली में इन मांगो की पूरा करने से मंडला भी विकास की दौड़ में कदम से कदम मिलकर चल सकेगा । जिले की निवास तहसीन जो 1904 से तहसील है और1984 से निवास को जिला बनाने का इन्जार है परंतु आज तक इस क्षेत्र के साथ लगातार अन्याय ही हो रहा है ।

पेसा अधिनियम में जल जंगल और जमीन के संसाधनों से स्वलाबन की बातों के बाद भी न जल जंगल न ही जमीन खनिज संपदा रेत गिट्टी डोला माइंस को क्षेत्र अधिकार में दिया मतलब खाली ही ढिंढोरा पीटा जा रहा है,प्रचुर मात्रा में जल और वन संपदा का लोकल उपयोगी योजना नहीं जो मण्डला जिला के साथ छलावा है । मण्डला जिला भी पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में आता है सब प्लान का स्पेशल बजट जो जिले के आर्थिक सामाजिक विकास के लिए होना चाहिए वह कहाँ उपयोग हो रहा है समझ से परे है और बजट से विकास की वाहवाही खूब लूटी जा रही है परंतु जिस तेजी से जिले का विकास होना था वह अभी भी कोसो दूर है । प्रदेश के मु यमंत्री जी ने हर बार जिले के प्रवास के दौरान जिले के विकास के लिये अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओ की घोषणा की परंतु उनका क्रियांवयन नहीं होने से जनता में उनका जादू दिखाई नहीं देता ।


मंडला के साथ सरकार के उपेक्षा पूर्ण व्यवहार के कारण आज अलग अलग क्षेत्रो से अपने अपने क्षेत्रों की समस्या लेकर डेलिगेशन मु यमंत्री जी से मिलकर बात करना चाहता जिसको प्रशासन प्रोटोकॉल के तहतः मु यमंत्री के जाते वक्त हेलीपेड में मिलने को कहा जो निर्देश है,, यह बहुत निराशाजनक है क्षेत्र की मांग करेंगे उसका समाधान भी मंच से सुनना चाहेगे यह नहीं होने पर नाराजगी का सामना करना होगा जिसके लिए शासन प्रशासन जि मेदार होगा योंकि जनता बहुत परेशान हैं बार बार वादे वादे सुनकर, समाधान कब होगा या समस्याएँ जस की तस बनी रहेगी । मंडला के लोगो का आरोप है कि पिछले 3 सालों से मण्डला जिले को बजट में कुछ नहीं दिया जो मण्डला जिले के साथ अन्याय है उपेक्षा है ।

## अवैध रेत परिवाहन और रेत माफियाओ की गुंडागर्दी के खिलाफ भापसा वासियों ने उठाई आवाज़

### ज़िला कले टर और एसपी की लिखित शिकायत

मंडला यशोः- वर्तमान मे मंडला ज़िला रेत माफियाओ का गढ़ बना हुआ है । ज़िले मे आये दिन अवैध रेत परिवहन और रेत चोरी की खबरे सामने आती रहती है । जहाँ एक ओर रेत माफ़ीयाओ के होसले बुलंद है वही दूसरी और खनिज विभाग और पुलिस इन सब की अनदेखी कर रही है । प्रशासन का ये बेपरवाह रवैया समझ से परे है । क्षेत्रीय पुलिस और खनिज विभाग के इसी बेपरवाह रवैये से तंग होकर ग्राम पंचायत भापसा के नागरिकों ने रेत माफ़ीयाओ की शिकायत ज़िला कले टर और ज़िला एसपी को की है । ग्राम वासियो द्वारा बताया गाय की रेत माफियाओ द्वारा हर रोज़ बंजर नदी से अवैध रेत निकाली जा रही है और रोज़ रात मे तेज र तार से ट्रै टर से रेत का परिवहन किया जाता है जिस कारण ग्राम वासियों को बहुत अधिक परेशानी होती है पर इन सब परेशानियों के बाद भी हिरदेनगर चोकी की पुलिस बेपरवाह है । उन्होने बताया की अगर किसी ग्रामवासी द्वारा उनका विरोध किया जाता है तो रेत माफ़ीयाओ द्वारा उन्हे धमकाया जाता है । ज़ाहिर है पुलिस हो, प्रशासन हो या राजनैतिक दल सबका रेत माफ़ीयाओ के सामने नतमस्तक होना बड़ी मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है ।

## अवैध परिवहन करते 2 वाहन जब्त



मण्डला यशोः- ग्राम पाण्डकला तहसील घुघरी जिला मण्डला अन्तर्गत खनिज रेत के 2 ट्रै टर वाहन क्रमांक क्रमशः एमपी51एए7612 एवं एमपी51एए6740 को खनिज विभाग द्वारा अवैध परिवहन करते जब्त किया गया। अवैध परिवहन में संलिप्त उक्त दोनों वाहनों को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में थाना प्रभारी घुघरी की सुपुर्दगी में दिया गया। दोनों वाहनों के विरूध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कले टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है। इसके पूर्व माह-अप्रैल 2023 में 25 अप्रैल 2023 तक खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन के 4 प्रकरण, अवैध परिवहन के 25 प्रकरण तथा अवैध भण्डारण के 1 प्रकरण दर्ज कर अर्थदण्ड के रूप में 4 लाख 43 हजार 250 रूपए की वसूली की गई।

## मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से वेदिका को मिला जीवनदान

मण्डला यशोः- बच्चे अभिभावकों के जीवन का आधार होते हैं। उनसे ही परिवार की खुशियाँ होती हैं। अे सर गरीब परिवार के लिये बच्चे की बड़ी बीमारी का इलाज करवाना नामुंकिन ही होता है। वे इसे अपना भाग्य समझने लगते हैं। मण्डला के निवास विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम गडरा निवासी 7 वर्षीय वेदिका उईके गरीब परिवार से है। वेदिका के पिता मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

वेदिका के पिता थानसिंह का कहना है कि वेदिका बचपन से ही बीमार रहती थी, खेलने में थक जाती थी और सीने में दर्द बना रहता था। मैं उसके स्वास्थ्य को लेकर वह बहुत परेशान था। इस बीच आर.बी.एस.के. की टीम द्वारा प्राइमरी स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और जांच में पाया गया कि वेदिका के हृदय में समस्याएं हैं। टीम के सदस्यों ने जिला चिकित्सालय में बुलाया और मुझे समझाईश दी। इसके बाद वेदिका का जिला चिकित्सालय में निःशुल्क उपचार हेतु प्रकरण स्वीकृत कर मेट्रो अस्पताल जबलपुर में ऑपरेशन किया गया। आर.बी.एस.के. की टीम ने समय-समय पर वेदिका का फॉलोअप भी किया। अब वेदिका पूरी तरह ठीक है एवं अपने परिवार के साथ स्वस्थ जीवन जी रही है। वेदिका के माता-पिता कहते हैं कि हम मु यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से निःशुल्क उपचार के लिए प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद करते हैं।

## मुख्यमंत्री करेंगे 224 करोड़ से अधिक लागत के लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मण्डला यशोः- मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 27 अप्रैल 2023 को निवास (देवरीकला) में आयोजित मु यमंत्री लाड़ली बहना महास मेलन तथा मु यमंत्री भू-अधिकार आवासीय पत्रों के वितरण कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। श्री चौहान ने इस दौरान 224 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। भूमिपूजन के अंतर्गत शिक्षा विभाग के 36.81 करोड़ की लागत के सीएम राईज योजनांतर्गत शास.हा.से.स्कूल निवास के भवन का निर्माण कार्य, शिक्षा विभाग के 39.46 करोड़ की लागत के सीएम राईज योजनांतर्गत शास.मॉ.हा.से.स्कूल बिछिया के भवन का निर्माण कार्य, राजस्व विभाग के 11.07 करोड़ की लागत के संयुक्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भवन नैनपुर का निर्माण कार्य, राजस्व विभाग के 7.96 करोड़ की लागत के संयुक्त तहसील कार्यालय भवन निवास का निर्माण कार्य, राजस्व विभाग के 1.31 करोड़ की लागत के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भवन घुघरी का निर्माण कार्य, लोक निर्माण विभाग (भवन, सड़क) के 19.40 करोड़ की लागत के पाठासिहोरा से पिंडरई टोला होते हुए रामदेवरी जिला सीमा (मंडला) तक लं. 10.50 कि.मी. का निर्माण कार्य, लोक निर्माण विभाग (भवन, सड़क) के 3.93 करोड़ की लागत के पाठासिहोरा से सुनेहरा मार्ग लं. 4.50 कि.मी. का निर्माण कार्य, लोक निर्माण विभाग (सेतु निर्माण) के 16.55 करोड़ की लागत के देवगांव-कुड़ोपानी मार्ग में बुढ़नेर नदी (संगमघाट) पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल का निर्माण कार्य, लोक निर्माण विभाग (सेतु निर्माण) के 12.43 करोड़ की लागत के हिरदेनगर-देवगांव मार्ग में मटियारी नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल का निर्माण कार्य, लोक निर्माण विभाग (सेतु निर्माण) के 4.77 करोड़ की लागत के साल्हेडंडा-निचली मार्ग में बिटियाधार नाला पर पहुंच मार्ग सहित उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य, जनजातीय विभाग के 31.36 करोड़ रूपए लागत के सीएम राईज स्कूल चिरईडोंगरी भवन के निर्माण कार्य, जनजातीय विभाग के 29.21 करोड़ रूपए लागत के सीएम राईज स्कूल कालपी भवन के निर्माण कार्य, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 1.48 करोड़ रूपए लागत के जिला चिकित्सालय मेटरनिटी विंग के उन्नयन कार्य शामिल है।

**8 करोड़ से अधिक के कार्यों का लोकार्पण**

इसी प्रकार मु यमंत्री श्री चौहान स्वास्थ्य विभाग के 2.56 करोड़ की लागत के एचएनएम जिला चिकित्सालय मंडला में 6एफ, 4जी एवं 4एच टाईप भवनों का लोकार्पण करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के 2.07 करोड़ की लागत के घुटास जिला मंडला में सीनियर बालक छात्रावास भवन के निर्माण कार्य, शिक्षा विभाग के 1.38 करोड़ की लागत के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास 100 सीटर, शिक्षा विभाग के 1.38 करोड़ की लागत के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास 100 सीटर, स्कूल शिक्षा विभाग के 1.00 करोड़ की लागत के ग्राम डोंगरमंडला में शास.हा.स्कूल विद्यालय भवन के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। इस प्रकार कुल 224.13 करोड़ रूपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण होगा।

## श्रवण बाधित दिव्यांग शिविर आज

मण्डला यशोः- 27 अप्रैल को श्रवण बाधित दिव्यांगजनों की जांच एवं प्रमाण पत्र हेतु विशेष शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय मण्डला में किया गया है। शिविर में ऐसे श्रवण बाधित दिव्यांगजन जिनके प्रमाण पत्र का नवीनीकरण किया जाना है अथवा नये प्रमाण पत्र बनना है, वे प्रातः 10 बजे जिला चिकित्सालय मण्डला में उपस्थित होकर अपनी आडियोमेट्री जांच करायें जिसके उपरांत डॉ. नेल्सन द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र संबंधी कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में सभी दिव्यांगजन आवश्यक दस्तावेज यथा- आधार कार्ड, समग्र आई.डी., तीन फोटो, पुराना दिव्यांग प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो तो) आदि साथ में लेकर आएं।

## कान्हा टाईगर रिजर्व में 3 दिनों की इंटरनेशनल वाईल्ड लाईफ कॉफ्रेंस आज से

### वन्यजीव विशेषज्ञ पद्मभूषण डॉ. एचएस पवार सहित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के यातिलब्ध विशेषज्ञ होंगे शामिल

मण्डला यशोः- मध्यप्रदेश में वानिकी अनुसंधान के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 27 से 29 अप्रैल तक कान्हा टाईगर रिजर्व में 'इंटरनेशनल वाईल्ड लाईफ कॉन्फ्रेन्स' का आयोजन किया गया है। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान इस अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ सेलेब्रेशन वन विलाश (कान्हा) के कॉन्फ्रेंस हॉल में लगभग दोपहर 3:15 बजे करेंगे। वन विभाग एवं राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कॉन्फ्रेंस में ''वन्य जीव संरक्षण उभरता परिदृश्य एवं भावी रणनीति'' विषय पर चर्चा होगी। इस कॉफ्रेंस में प्र यात वन्य जीव विशेषज्ञ पद्मभूषण डॉ. एचएस पवार सहित अमेरिका, यूरोप, दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया आदि देशों से अंतर्राष्ट्रीय यातिलब्ध वन्यजीव विशेषज्ञ शामिल होंगे। राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर के उपसंचालक एवं विभागाध्यक्ष रविन्द्र मणि त्रिपाठी के अनुसार 3 दिनों की इस इंटरनेशनल वाईल्ड लाईफ कॉफ्रेंस का आयोजन मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 27 मार्च 2022 को नर्मदापुरम में की गई घोषणा के परिपालन में किया जा रहा है। कॉफ्रेंस में वन्यप्राणी प्रबंधन, संरक्षण एवं पुनर्वास तथा प्रदेश और देश में एक आदर्श पारिस्थितिक संतुलन बनाने के लिए विशेषज्ञों, शोधकर्ता और वानिकी पेशेवरों द्वारा वन्यजीव जनसं या प्रबंधन, वन्यजीव आवास पारिस्थितिकी, वन्यजीव नीति के मुद्दे एवं चुनौतियाँ तथा मानव वन्यजीव संघर्ष और श्मन उपाय जैसे तकनीकी विषयों पर शोधपत्र एवं वक्तव्य प्रस्तुत किये जायेंगे जिनके निष्कर्षों पर वन्यप्राणी प्रबंधन, संरक्षण, पुनर्वास पर भविष्य की रणनीतियाँ और नीतियाँ तय की जायेंगी।

## जनसुनवाई में व्हीलचेयर पाकर प्रसन्नचित हुए दिव्यांग कैलाश

सिवनी यशोः- प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई आमजनों एवं जरूरतमंदों के लिए एक बड़ी राहत देने का कार्य कर रही है। जनसुनवाई के माध्यम से आवेदन प्रत्यक्ष रूप से वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण करा पाते हैं। ऐसा ही उदाहरण मंगलवार 25 अप्रैल को आयोजित हुई जिलास्तरीय जनसुनवाई में दिखाई दिया, आयोजित जनसुनवाई में तहसील सिवनी ग्राम बकोड़ी निवासी श्री कैलाश जंघेला अपनी समस्या का निराकरण कराने जनसुनवाई पहुंचे, जहां दिव्यांग आवेदक के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती निधि सिंह राजपूत द्वारा सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग को दिव्यांग कैलाश को त्वरित रूप से व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, ओदशों के परिपालन में विभाग द्वारा तत्काल जनसुनवाई में ही कैलाश को व्हीलचेयर प्रदान की गई। व्हीलचेयर मिलने से दिव्यांग कैलाश अत्यन्त प्रसन्न चित होकर अपने घर की ओर रवाना हुए।

## नैनपुर निर्मम हत्याकांड का हुआ खुलासा

मण्डला यशोः- जिले के नैनपुर थाना क्षेत्र में 23 व 24 अप्रैल की दरमियानी रात एक युवक की गला रेत कर हत्या कर उसकी लाश को अज्ञात आरोपियों द्वारा नैनपुर के वार्ड नंबर 14 सिविल अस्पताल के समीप स्थित खेत में फेक दिया था। खेत में मिले युवक के शव की सूचना के बाद आसपास क्षेत्र में सनसनी फैल गई और सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जहां नैनपुर पुलिस युवक की हत्या कैसे हुई, किन लोगों ने इस वारदात को अंजाम दिया, इसकी जांच शुरू की। हत्या की जांच करते हुए नैनपुर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही युवक पवन उइके के हत्यारों को अपनी गिर त में ले लिया। जानकारी अनुसार 24 अप्रैल की सुबह वार्ड नंबर 14 कनौजिया टोला नैनपुर में नाले के पास स्थित खेत में एक व्यक्ति के शव होने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर मौके पर नैनपुर पुलिस तस्दीक की गई। तस्दीक में पता चला कि मृत युवक वार्ड नंबर 14 खेरामाई मोहल्ला नैनपुर का पवन उइके है, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार के वार से हत्या कर दी है।

**जांच के लिए डॉग स्क्वाड, एफएसएल टीम बुलाई**

प्रार्थी देवसिंह उइके पिता चन्दरसिंह 63 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 14 खेरमाई मोहल्ला नैनपुर की रिपोर्ट पर मामला पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। घटना स्थल पर डॉग स्कवाड एवं एफएसएल की टीम बुलाई गई। जांच के दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि 23 अप्रैल को मृतक पवन उड़के का कनौजिया टोला के जागेश नंदा एवं खेरामाई मोहल्ला नैनपुर के अंकुश उर्फ भाईजान व वार्ड नंवर 15 ढीमर मोहल्ला नैनपुर के किशन नंदा, आयुष नंदा के साथ विवाद हुआ था। इसी विवाद में युवक की हत्या की गई है।

**योजना बनाकर की पवन की हत्या**

मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग टीम गठित की गई। जिसमें मुखबिर द्वारा बताये गये संदेहियों को तलाश कर अभिरक्षा में लेकर स ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में संदेहियों ने बताया कि होली के समय पवन उइके से जागेश नंदा का विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर पवन उइके ने जागेश नंदा को निपटाने की धमकी दी थी। इसी कारण चारों संदेहियों ने 23 अप्रैल की रात्रि में जागेश नंदा के घर में पवन उइके को मारने की योजना बनाई और जागेश नंदा एवं अंकुश उइके ने जागेश के घर में रखी दो कुल्हाडियों को अपने अपने हाथ में रख लिए। उसी समय रात करीब 12.30 बजे सदेहियों को जानकारी मिली की पवन उइके घर के पीछे नाले की तरफ गया है। इसके बाद चारों सदेही नाले की तरफ गये, जहां पवन उइके के दिखाई देने पर चारों संदेही पवन उइके को पकडने दौड़े। किशन नंदा एवं आयुष नंदा दौड़कर पवन उइके को पकड़कर धकेल कर जमीन पर गिरा दिए और अंकुश उइके एवं जागेश नंदा ने हाथ में रखी कुल्हाड़ी से पवन पर वार कर दिया, जिससे पवन की गर्दन सिर एवं पीठ पर चोट आई और पवन की मौके पर ही मौत हो गई।

**गिर तार कर न्यायालय में किया पेश**

आरोपियों से कढ़ाई से पूछताछ करने पर पवन उइके को कुल्हाड़ी से मारना कबूल किया। आरोपियों पर अपराध क्रमांक 164/2022 धारा 302 भादवि का पंजीबद्ध कर आरोपियों द्वारा पवन उड़के की हत्या करने में प्रयुक्त दो कुल्हाड़ी एवं चारों आरोपियों के खून से लतफथ कपड़े जप्त किया गए। आरोपियों का कृत्य धारा 302 भादवि का पाये जाने से आरोपियों को गिर तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

**ये है हत्या के चार आरोपी**

आपसी रंजिस के चलते नैनपुर के ही चार युवकों ने पवन को मारने की योजना बनाई। पवन उइके की हत्या में जागेश उर्फ ज मू नंदा पिता शिवकुमार 18 साल वार्ड नंबर 14 कनौजिया टोला नैनपुर, अंकुश उर्फ भाईजान पिता लक्ष्मण 19 साल वार्ड नंबर 15 खेरमाई मोहल्ला नैनपुर, किशन नंदा पिता उमेश नंदा 18 साल ढीमर मोहल्ला वार्ड नंबर 15 नैनपुर, आयुश पिता दीपक नंदा 19 साल ढीमर मोहल्ला वार्ड नंबर 15 नैनपुर है। आरोपियों के पास से हत्या करने में दो लोहे की कुल्हाड़ी एवं चारों आरोपियों के खून लगे कपड़े जप्त किये गए।

**टीम में ये रहे शामिल**

बता दे कि पवन उइके की अंधी हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए नैनपुर पुलिस की एक टीम गठित की गई। इस टीम की सक्रियता के चलते 24 घंटे के अंदर ही पवन उइके की हत्या के आरोपियों को नैनपुर पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपियों को पकडने क लिए नैनपुर थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नागपुर के नेतृत्व मे टीम बनाई गई। टीम में उपनिरीक्षक बीके पंडोरिया, निधि नेमा, राजेन्द्र जंघेला, सहायक उपनिरीक्षक दुर्गा प्रसाद बिसेन, यशवंत रहांगडाले, खड़क सिंहे उइके, भागचंद बोपचे, राजेश सेवईवार, प्रधान आरक्षक अजीत परते, प्यार सिंह कुशराम, सुरेश ताराम, समद खान, आरक्षक पेयंत राने, संजय कटरे, यशवंत धुर्वे, गोविंद कुमरे, नयन घोरमारे, देवेन्द्र, दुर्गेश, राजेन्द्र बघेल, विशाल, चालक आरक्षक विष्णु जंभारे की भूमिका रही।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297